40 से ज्यादा कार्यक्रमों में 400 लेखक और विद्वान भाग लेंगे

# कल से शुरू होगा साहित्य अकादेमी का साहित्योत्सव




**वैभव न्यूज** ■ नई दिल्ली

साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला साहित्य उत्सव इस बार अपने सबसे बड़े रूप में दिल्ली एवं एनसीआर वासियों के लिए प्रस्तुत होगा। छह दिवसीय इस उत्सव में इस बार 400 से ज़्यादा रचनाकार 40 से ज़्यादा विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 60 भाषाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लेंगे। साहित्योत्सव की शुरुआत अकादेमी की वर्षभर की प्रमुख गतिविधियों की प्रदर्शनी से होगा जिसका उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। साहित्योत्सव का मुख्य आकर्षण साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2022 वितरण समारोह 11 मार्च को कमानी सभागार में शाम 5:30 बजे संपन्न होगा। साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि इस वर्ष साहित्योत्सव भारतीय साहित्य और संस्कृति की एकता विषय पर केंद्रित है। पूर्व के वर्षों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम जैसे पूर्वोत्तरी,आदिवासी सम्मिलन, युवा साहिती,आओ कहानी बुनें, एलजीबीटीक्यू सम्मिलन और राष्ट्रीय संगोष्ठी के अतिरिक्त इस बार कुछ नए विषय भी जोड़े गए हैं